महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय,वर्धा

दूर शिक्षा निदेशालय

बी.एड.(दूर शिक्षा) सत्र 2018-20 विषय शिक्षण (प्रायोगिक) परीक्षा शिक्षा 032

विद्यार्थियों हेतु सूचना

बी.एड.(दूर शिक्षा) सत्र 2018-20 के विद्यार्थियों की तृतीय सेमेस्टर के विषय शिक्षण (प्रयोगिक) (शिक्षा-032) की परीक्षा 28/06/2021 से 12/07/2021 तक ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से होगी | इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करना होगा |

1. विद्यार्थी अपने घर या अध्ययन केंद्र से ऑनलाइन परीक्षा दे सकते है|

2. परीक्षा से पूर्व उन्हें अपने केंद्र द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ना पड़ेगा|

3. परीक्षा के समय उन्हें अपना आई- कार्ड गले में टांग कर रखना होगा|

4. परीक्षार्थी पाठ योजना, ब्लैक बोर्ड, शिक्षण सामग्री, मॉडल आदि के साथ तैयार रहना होगा |

5. पहले 5 मिनट में अध्यापन का कार्य करना होगा और बचे हुए 5 मिनट मौखिकी के लिए निर्धारित होंगे |

6. मौखिकी में तृतीय सेमेस्टर की समस्त फाइलों पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे|

7. परीक्षा के दौरान इंटरनेट बाधित न हो इसकी जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी अतः विद्यार्थी यह सुनिश्चित कर ले कि जहां से वह परीक्षा दे रहे हैं वहां इंटरनेट की पर्याप्त व्यवस्था है|

8. प्रायोगिक परीक्षा 3 घंटों में सम्पन्न होगी अतः विद्यार्थियों को अपने मोबाइल में पर्याप्त इंटरनेट डाटा रखना होगा |

9. परीक्षा समाप्ति के बाद तुरंत ग्रुप से लॉगआउट होना होगा |

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय,वर्धा

दूर शिक्षा निदेशालय

बी.एड.(दूर शिक्षा) सत्र 2018-20 विषय शिक्षण (प्रायोगिक) परीक्षा शिक्षा 032

अध्ययन केंद्र हेतु सूचना

1. समस्त अध्ययन केंद्र अपने अध्ययन केंद्र के छात्रों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाएंगे जिसमें अपने अध्ययन केंद्र के विद्यार्थियों को जोड़ेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो जाए.

2. ग्रुप में अध्ययन केंद्र से दो आंतरिक परीक्षकों को भी जोड़ना है जिनके नाम आपने विश्वविद्यालय को भेजे हैं| इस ग्रुप में विश्वविद्यालय के बाह्य परीक्षकों को भी जोड़ना है| इसकी जानकारी अलग से आपको मुख्यालय द्वारा दी जाएंगी|

3. अध्ययन केंद्र के आंतरिक परीक्षक दिए गए फॉर्मेट में उसी दिन अंक भरकर, प्राचार्य के हस्ताक्षर एवं सील लगाकर तुरंत email-rd.mgahv@gmail.com इस मेल पर भेजेंगे |

4. अध्ययन केंद्र अंतिम पाठ योजना को विद्यार्थियों से एकत्र कर अपने पास रखेंगे और परीक्षा के बाद डाक द्वारा मुख्यालय भेजेंगे|

5. परीक्षा की विस्तृत समय सारणी संलग्न है|

6. प्रत्येक केंद्र अपने केंद्र से एक समन्वयक एवं आंतरिक परीक्षकों के नाम, व्हाट्सअप नंबर, ईमेल आईडी email-rd.mgahv@gmail.com पर 18 जून तक भेजें जिससे समय-समय पर इस संदर्भ में सूचना दी जा सके|

7.सभी संयोजक यह सुनिश्चित करें की उनके केंद्र के विद्यार्थी निर्धारित तिथि पर प्रयोगिक परिक्षा में सम्मिलित हो जाए|

8.सभी केंद्र संयोजकों की ऑनलाइन बैठक प्रयोगिक परीक्षा के पूर्व 21 जून 2021 सुबह 11.00 बजे होगी |